कार्यालय - प्राचार्य, शासकीय रानी सूर्यमुखी देवी महाविद्यालय छुरिया
जिला - राजनांदगांव (छ.ग.)
Website - chhuriacollege.com Email chhuriacollege@gmail.com Phone&Fax – 07745 – 299273
Accredited by NAAC with Grade "B"

दिनांक 12.01.2023

राष्ट्रीय युवा दिवस कार्यक्रम

आज दिनांक 12.01.2023 को रानी सुर्यमुखी देवी महाविद्यालय छुरिया के प्राचार्य, डॉ. सुषमा चौरे (नेताम) के मार्गदर्शन एवं राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के तत्वाधान में **राष्ट्रीय युवा दिवस** कार्यक्रम का आयोजन महाविद्यालय के सभा कक्ष में किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती के तैलचित्र पर पूजन–अर्चन कर किया गया।

इस कार्यक्रम में प्राचार्य डॉ. सुषमा चौरे (नेताम) ने अपने अभिकथन में कहा कि युवाओं के प्रेरणास्त्रोत, युग प्रवर्तक स्वामी विवेकानंद जी की जयंती पर प्रतिवर्ष 12 जनवरी को राष्ट्रीय युवा दिवस मनाया जाता है। इसकी शुरूआत 1984 से हुई तब से प्रतिवर्ष युवा दिवस मनाया जाता है। युवा वह है, जो देश का भविष्य बदलने की क्षमता रखता है। जिसके अंदर नेतृत्व करने की क्षमता हो, लोगों को सही मार्ग पर लाने का कार्य करने वाला ही युवा कहलाता है। भारत देश की ज्यादातर आबादी युवा है। और किसी देश का भविष्य उसके युवाओ पर ही निर्भर करता है। जितना योगदान वह देश के विकास के लिए देगा, देश उतनी ही गति के साथ विकास करेगा। इसलिए हम सभी को युवाओं में राष्ट्रीय भावना जागृत करने के लिए प्रयास करना चाहिए।

तत्पश्चात उद्बोधन की अगली कड़ी में महाविद्यालय के वरिष्ठ सहायक प्राध्यापक डॉ. राजेन्द्र शर्मा ने अपने अभिकथन में कहा कि युवा देश के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते है। सकारात्मक सोच के साथ यदि कोई युवा कार्य करता है तो वह कार्य देश के हित में होता है। यदि युवाओं में नकारात्मक विचार आये और वह उन विचारो के साथ कार्य करे तो यह देश के विनाश का कारण भी बन सकता है। युवाओं के जोश और उत्साह को साकारात्मक विचार के साथ सही दिशा में कार्य करने की आवश्यकता है।

तत्पश्चात, इस शैक्षणिक सत्र 2022–23 में राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा सात दिवसीय विशेष शिविर का आयोजन ग्राम – बेलरगोंदी में आयोजित किया गया था जिसमें सभी स्वयंसेवकों का कार्य प्रशंसनीय रहा। प्राचार्य डॉ. सुषमा चौरे (नेताम) के द्वारा प्रमाण पत्र एवं मोमेण्टो से सभी स्वयंसेवकों को सम्मानित किया गया। प्राचार्य महोदया ने सभी स्वयंसेवकों को बधाई दी एवं उनके उज्जवल भविष्य की कामना की।

कार्यक्रम का मंच संचालन श्री नरेन्द्र कुमार उमरिया एन.एस.एस. प्रभारी द्वारा किया गया। इस कार्यक्रम में सहायक प्राध्यापक, श्री उष्यंत कुमार चनाप, सुश्री प्रीतिबाला ठाकुर, श्री विनय चौरे, अतिथि व्ख्याख्याता श्री चैतराम यादव, श्री ओमप्रकाश सहारे, सुश्री इंदिरा इंदु, श्री गैंदलाल सोनकर एवं एन.एस.एस. के स्वयं सेवक और महाविद्यालय के छात्र–छात्राएं उपस्थित रहे।

डॉ. सुषमा चौरे (नेताम)
प्राचार्य